● जयपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 94 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और एक्सीलेंस नॉलेज सिटी सीकर...

पेज @4 जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन...

पेज @8 किसानों को 8 घंटे बिजली, औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध बिजली सुनिश्चित ...

## राजस्थान पर्यटन विकास निगम की सम्पत्तियों की हो प्रभावी निगरानी

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने की पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा

## पर्यटन सुविधाओं को विकसित करते हुए राजस्व वृद्धि के कार्यों में लाएं गति, स्मारकों की ब्रान्डिग के लिए बनाए विशेष कार्ययोजनाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर !(खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों का वर्गीकरण करते हुए उच्च प्राथमिकताओं के उन कार्यों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए है जहां पर्यटकों की आवक ज्यादा है और राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि अपेक्षित है। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को प्रभावी ब्रान्डिग करते हुए पर्यटन स्थलों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आए। उन्होंने महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों तथा मेलों उत्सवों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक मार्केटिंग करने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पर्यटन कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 2 वर्षों के अन्दर 20 हजार युवाओं एवं लोक-कलाकारों को पारम्परिक कला एंव आतिथ्य संबंधी प्रशिक्षण देक- र रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।



### जल्द लाएंगे नवीन पर्यटन नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में जल्द ही नवीन पर्यटन नीति लाई जाएगी। इससे राज्य में पर्यटन की गति को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में इको, रूरल, हैरिटेज एवं एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन भी किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट, जैसलमेर में फॉसिल पार्क एवं ओपन रॉक्स म्यूजियम, चित्तौडगढ़ और आमेर में लाइट एण्ड साउण्ड शो का उन्नयन, वैर के सफेद महल, प्रताप फुलवारी एवं किले की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण, रामगढ़ क्रेटर साइट व सांभर झील क्षेत्र को विकसित करने संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवशयक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने प्रस्तावित कृष्ण गमन पथ एवं जयपुर चारदीवारी के हैरिटेज विकास के लिए 100 करोड़ रुपये से संबंधित कार्ययोजना के बारे में विस्तृत चर्चा भी की।पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन का 5.6 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने बताया कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा एमओयू हस्ताक्षरित किए गए हैं, जिससे युवाओं के लिए बड़ी तादाद में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।बैठक में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मुख्य सचिव सुधांश पंत,अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### स्मारकों और पेनोरमा को बनाएं और आकर्षित

» मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग के अधिकारी प्रदेश के प्राचीन स्मारकों और पेनोरमा को अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात स्थित स्मारकों का दौरा कर नवाचार एवं आदर्श गतिविधियों का अनुसरण करें। इससे पर्यटकों का ठहराव होगा और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा।

### युवाओं में हो विरासत की आदत

» मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को राजस्थान की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। जिला स्तर पर स्कूली विद्यार्थियों को क्षेत्रीय स्मारकों पर नियमित यात्राएं करवाई जाए। उन्होंने राजस्थान पर्यटन विकास निगम की सम्पत्तियों की प्रभावी निगरानी करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बजट में पर्यटन से संबंधित की गई सभी घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

न्यूज़ अपडेट

### तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, सात लोगों की मौत- 25 से ज्यादा घायल

**हजारीबाग/एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या के बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। 25 से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बस कोलकाता से पटना जा रही थी। सुबह करीब 6.30 बजे बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे के पास पलट गई।

# नरेन्द्र मोदी गुयाना के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से अलंकृत

● 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर'से भी नवाजा गया

एजेंसी

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यहां दो राष्ट्रों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया। प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ गुयाना' और डोमिनिका ने 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी यहां कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इनको भारत के लोगों को समर्पित करते हुए एक्स हैंडल पोस्ट पर खुशी और दोनों देशों का आभार जताते हुए यादगार पलों के फोटो भी साझा किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, 'मुझे गुयाना का सर्वोच्च सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली को तहे दिल से धन्यवाद। ये भारत की 140 करोड़ जनता की पहचान है। 'उन्होंने दूसरी पोस्ट में लिखा, 'मुझे 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करने के लिए डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन का आभार। यह सम्मान मेरी भारत की बहनों और भाइयों को समर्पित है। यह हमारे देशों के बीच अटूट बंधन का भी परिचायक है।'



### वैश्विक समुदाय की असाधारण सेवा का सुफल

नई दिल्ली में आधिकारिक रूप से जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे विदेशी नेता हैं। यह पुरस्कार गुयाना के स्टेट हाउस में आयोजित समारोह में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी दूरदर्शी प्रतिभा के लिए प्रदान किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के अधिकारों की वकालत करने, वैश्विक समुदाय की असाधारण सेवा और भारत-गुयाना संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रधान किया गया। पुरस्कार स्वीकार करते समय प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान को भारत के लोगों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी राजकीय यात्रा भारत-गुयाना मित्रता को गहरा करने की दिशा में भारत की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### रूजवेल्ट ने छुआ प्रधानमंत्री मोदी का दिल

डोमिनिका ने अपने देश का सर्वोच्च पुरस्कार देकर और प्रधानमंत्री मोदी के लिए दिल जीतने वाली बात कहकर सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, ₹प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट आपके दयालु शब्दों ने मुझे छू लिया है। गहरी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ मैं 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' स्वीकार करता हूं। मैं इसे अपने साथी भारतीयों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने डोमिनिका राष्ट्रमंडल के साथ भारत की दोस्ती को हमेशा महत्व दिया है। आपने कोविड-19 के दौरान समर्थन के बारे में बात की। यह देखकर मेरा दिल खुशी से भर जाता है कि कैसे कोविड-19 के दौरान हमारी एकजुटता ने सीमाओं और महाद्वीपों के बीच संबंधों को मजबूत किया। हम आने वाले समय में डोमिनिका के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।'

आदेश | बिधाननगर नगर निगम को कोलकाता हाईकोर्ट का सख्त निर्देश

# दो दिन के भीतर हटाएं सभी अवैध होर्डिंग

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बिधाननगर नगर निगम को सख्त निर्देश दिया है कि वह अपने क्षेत्र में लगे सभी अवैध होर्डिंग को दो दिनों के भीतर हटा दे। कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर कोई विज्ञापन एजेंसी इन होर्डिंग्स को हटाने में सहयोग नहीं करती है, तो संबंधित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाए और जुमार्ना लगाया जाए।

गुरुवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि सभी अवैध होर्डिंग हटाने की प्रक्रिया पूरी कर 20 दिसंबर तक अदालत में रिपोर्ट पेश की जाए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया गया, तो दोषियों को कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

इस साल बिधाननगर क्षेत्र में अवैध होर्डिंग को लेकर अधिवक्ता दिवायन बनर्जी ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि नगर निगम की गाइडलाइंस का उल्लंघन कर अवैध रूप से जगह-जगह होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। इससे न केवल निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि ये अवैध होर्डिंग हादसों की आशंका भी बढ़ा रहे हैं।

राज्य सरकार की ओर से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि क्षेत्र में कुल 351 अवैध होर्डिंग पाए गए हैं। इन होर्डिंग्स को हटाने के लिए संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी किया गया है और अखबारों में भी इसकी सूचना दी गई है।




### छह महीने की जेल और 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान

कोर्ट ने साफ कहा कि अगर विज्ञापन एजेंसियां आदेश का पालन नहीं करती हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। कानून के अनुसार, अवैध होर्डिंग लगाने वालों को छह महीने की जेल और 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। दरअसल होर्डिंग्स कई बार हादसों का कारण बनते हैं। उन्होंने मुंबई के घाटकोपर की घटना का हवाला देते हुए कहा कि मई 2024 में एक बड़े विज्ञापन बोर्ड के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 80 लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार के वकील ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अगर विज्ञापन एजेंसियां समय पर कार्रवाई नहीं करती हैं, तो नगर निगम आवश्यक कदम उठाएगा।

# सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीखों का ऐलान, 15 फरवरी से एग्जाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से होंगी। इसे लेकर सीबीएसई ने शेड्यूल जारी किया है। इसके साथ ही स्कूलों को परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की लिस्ट केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को सौंपने को कहा गया है।

बता दें कि सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट cbse.gov.in पर 10वीं और 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षा 2025 की डेटशीट जारी की है। शेड्यूल के मुताबिक परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि 12वीं क्लास की परीक्षाएं 4 अप्रैल तक चलेंगी।

### सीबीएसई ने जारी की गाइडलाइंस

सीबीएसई ने सब्जेक्ट स्पेसिफिक गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें सब्जेक्ट कोड, क्लास स्पेसिफिकेशन, थ्योरी और प्रैक्टिकल के लिए अधिकतम अंक, प्रोजेक्ट वर्क, इंटरनल असेस्मेंट और आंसर शीट के फॉर्मेट जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों को इन निदेर्शों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### मार्कशीट में जारी रहेंगे ये बदलाव

सीबीएसई डिस्टिंक्शन न देने या टॉपर्स की घोषणा न करने की अपनी नीति जारी रखेगा। 2024 की तरह, 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों को समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन या कुल अंकों का प्रतिशत नहीं मिलेगा।

# प्रजा और प्रशासन पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों की चिंता क्यों नहीं करते?

विविध जैविक और अजैविक घटकों के समुच्चय पर्यावरण का प्रदूषण मुक्त होना प्रकृति तथा मानव सहित अन्य जीवों के अस्तित्व, अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और सही दिशा में विकास के लिए आवश्यक है। पर्यावरण का स्वास्थ्य प्रमुख रूप से पंचतत्वों (जल, वायु, पृथ्वी, अग्नि और आकाश) की प्रकृति और मानव के व्यवहार पर आश्रित है। इस धरा पर पर्यावरण वह नैसर्गिक उपहार है जो जीवन को विविध तरीकों से पोषित करता है। बुद्धिमान मानव को यह समझना बेहद जरूरी है कि उसका तथा अन्य जीवों का अच्छा और बुरा स्वास्थ्य, पर्यावरण के अच्छे और बुरे स्वास्थ्य पर निर्भर है और पर्यावरण का अच्छा और बुरा स्वास्थ्य मानवीय गतिविधियों पर निर्भर है।

कहने का आशय स्पष्ट है कि जब पर्यावरण और मानव एक दूसरे के बिना रह नहीं सकते, सह-अस्तित्व के बंधन से बँधे हुए हैं तो प्रजा और प्रशासन पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों की चिंता क्यों नहीं करते? अथार्त हे श्रेष्ठ मनुष्य जो पर्यावरण तुम्हारे जीवन को पोषित करता है उसी को क्यों प्रदूषित करने पर आमादा हो? क्यों अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहे हो?आज मानवीय गतिविधियों के ही कारण न तो प्रदूषण मुक्त आवासीय जगह बची है, न ही श्वास लेने के लिए प्रदूषण मुक्त प्राणवायु, न ही पीने के लिए प्रदूषण मुक्त जल और न ही प्रदूषण (मिलावट) से मुक्त खान-पान की वस्तुएं। जबकि लगभग सभी इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि प्रदूषित वातावरण और वस्तुएं मानव में विभिन्न बीमारियों का कारण बनती हैं, विभिन्न आपदाओं, परेशानियों को आमंत्रित करती हैं, समाज और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं,असमय जीवों को मृत्यु के मुख में ढकेल सकती हैं। फिर भी जीवों में सर्वश्रेष्ठ मानव न सोचने को,न समझने को,न विचारने को तैयार है और न ही अपनी जीवन- शैली और आदतों को सुधारने और प्रकृति सम्मत बनाने की इच्छा रखता है। ऐसा लगता है मनुष्य ने ठान ही लिया है कि वह जिस डाल पर बैठेगा उसे अवश्य काटेगा,अपना अनिष्ट करने से भी उसे कोई परहेज नहीं।

अब भी मनुष्य के पास समय है सचेत होने का, सुधरने और सुधारने का नहीं तो फिर 'अब पछताय होत क्या,जब चिड़िया चुग गई खेत' कहने के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगा। भारत में दिल्ली सहित विभिन्न शहरों की जनता आजकल पर्यावरण प्रदूषण से त्राहि-त्राहि कर रही है,एक्यूआई स्तर ने अपने पूराने रिकार्ड तोड़ने से परहेज करना छोड़ दिया है, सही भी है क्योंकि रिकॉर्ड तो तोड़ने के लिए ही बनते हैं। प्रदूषण के सभी प्रकार (जल, वायु, ध्वनि, मृदा प्रदूषण आदि)आज मनुष्य को आंखें दिखा कर कह रहे हैं कि रोक सकते हो तो रोक लो। प्रशासन प्रदूषण के प्रभाव से बच्चों को बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों को ऑफ लाइन मॉड के स्थान ऑन लाइन मॉडल पर लगाने के निर्देश दे रहे हैं,आई टी आदि इंडस्ट्री कोरोना काल से ही अपने इम्प्लाइज से घर से ही काम करा रही हैं, आफिस बुलाने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रही।आम और खास जनता के लिए जहरीली वायु के प्रभाव को कम करने के लिए कभी वाहनों को ओड- ईवन फार्मूला अपनाने के लिए बाध्य किया जाता है, तो कभी हरित ट्रांसपोर्ट, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को प्रमोट किया जाता है, तो कभी पूराने/प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के उपयोग को प्रतिबंधित किया जाता है,तो कभी प्रदूषित वायु को खींचने के लिए मशीनों का उपयोग किया जाता है, तो कभी कृत्रिम वर्षा कराने पर विचार किया जाता है।

अब तो न्यायलय भी आग्रह कर रहे हैं कि दिल्ली सहित भारत के विविध शहरों को प्रदूषण मुक्त करो, पराली सहित किसी भी प्रकार का कचरा मत जलाओ,ग्रेप 3 एवं ग्रेप 4 के प्रतिबंधों को लागू करो। ऐसा लगता है वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली जैसे प्रदूषित शहरों में लिखा मिले कि ''सावधान:इस शहर में मानव सहित विभिन्न जीवों को अपनी रिस्क पर सांस लेना होगी''; ''प्राणवायु से पूछ कर घर से बाहर निकलना बेहतर है ''। दिल्ली जैसे कुछ शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या इस वर्ष पहली बार विकराल हुई है, ऐसा नहीं है, कमोवेश हर वर्ष शीतकाल में ऐसी ही स्थिति निर्मित होती है।सभी उपाय असफल हो रहे हैं।हो भी क्यों नहीं क्योंकि स्वार्थी और सुविधा भोगी मानव सुधरने को तैयार नहीं है?राज्य और केंद्र में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनी 'प्रदूषण नियंत्रण मंडल' जैसी संस्थाएं अपना दायित्व ठीक से नहीं निभा रही हैं या उन्हें निभाने नहीं दिया जा रहा। इन सबसे ज्यादा चिंताजनक दिखाई देता है राजनेताओं का हर समस्याओं में राजनीति करने के अवसर तलाशना।

दबी आवाज में यह भी सुनने को मिलता है भारत ही क्यों विश्व के कई देश पिछले कई दशकों से विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं से त्रस्त है। सभी देश के राजनेता, वैज्ञानिक और नागरिक पर्यावरण की समस्याओं और उसके परिणामों से भलीभांति परिचित हैं। विभिन्न संगोष्ठियों, चर्चाओं,समझोतों आदि के माध्यम से इस समस्या के कारण और निदान खोजने के लिए जोर-शोर से विचार-विमर्श भी करते रहते हैं। मेरे अनुसार इन सबसे कुछ होने जाने वाला है नहीं जब तक कि जनता और देश अपनी आवश्यकताओं को,सुख-सुविधाओं, महत्वाकांक्षाओं को सीमित करने को तैयार नहीं होते , तथा-कथित विकास के नाम पर पर्यावरण को नुक्सान पहुंचाना बंद नहीं करते। ऐसा लगता है मनुष्य की बढ़ती आकांक्षाएं, दूसरों पर दोषारोपण करने तथा जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति मानव स्वयं के सर्वनाश की पटकथा लिखने पर उतारू हैं। इन परिस्थितियों में ईश्वर से मानव को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना के सिवा और किया ही क्या जा सकता है?

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है।

परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक



लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चित होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड़ पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1,73,000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी।

खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है।

जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं फैशन का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती या फैशन है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?

# मधुमेह के विभिन्न कारण और उपचार



डॉ मनदीप आचार्या

**सर्दियों में मधुमेह**

सर्दियों में मधुमेह चिलचिलाती गर्मी के बाद, हम हमेशा खुले दिल से सर्दियों का स्वागत करते हैं। सर्दी खुशियाँ, यात्राएँ, क्रिसमस, सर्दियों के कार्निवल (जैसे पौष मेला), स्वादिष्ट भोजन और बहुत कुछ लेकर आती है। हालाँकि, मधुमेह से पीड़ित लोगों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की ज़रूरत होती है, क्योंकि मधुमेह से जुड़ी कुछ सहवर्ती बीमारियाँ और बीमारियाँ ठंड के मौसम में और भी बदतर हो जाती हैं।

मधुमेह एक जटिल बीमारी है जिसमें रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है, जो अग्न्याशय से इंसुलिन स्राव में कमी या इंसुलिन के ठीक से काम न करने के कारण होता है। समय के साथ, उच्च रक्त शर्करा गुर्दे, आंखों, मस्तिष्क, हृदय और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे स्ट्रोक, दिल का दौरा, अंधापन, क्रोनिक किडनी रोग, पैर की उंगलियों का विच्छेदन, स्वायत्त और परिधीय न्यूरोपैथी, और बहुत कुछ जैसी गंभीर, दीर्घकालिक जटिलताएं हो सकती हैं। भारतीयों में, अनियंत्रित रक्त शर्करा के उच्च स्तर या रक्त शर्करा के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण ये जटिलताएं अक्सर पश्चिमी आबादी की तुलना में पहले विकसित होती हैं। इसलिए, मधुमेह वाले लोगों को सर्दियों के दौरान विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता होती है, क्योंकि इस मौसम में रक्त शर्करा का स्तर अक्सर बढ़ जाता है या काफी उतार-चढ़ाव होता है।

**टीके और मधुमेह**

सर्दियों में ब्रोन्कियल अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण, निमोनिया और इन्फ्लूएंजा जैसी कुछ श्वसन संबंधी बीमारियाँ ज़्यादा होती हैं। मधुमेह से पीड़ित लोगों में इन संक्रमणों के होने की संभावना विशेष रूप से अधिक होती है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर होती है। ऐसे संक्रमण न केवल मधुमेह से पीड़ित लोगों में रिकवरी को धीमा करते हैं, बल्कि गंभीर छाती के संक्रमण और उच्च रक्त शर्करा के लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता भी हो सकती है,



जिससे संभावित रूप से मधुमेह कीटोएसिडोसिस (एक जानलेवा मधुमेह संबंधी जटिलता) और तीव्र श्वसन विफलता हो सकती है। लंबे समय तक अस्पताल में रहने और उसके परिणामस्वरूप वित्तीय बोझ के अलावा, ये स्थितियाँ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं।

मधुमेह से पीड़ित लोगों को यह अत्यधिक सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी टीकाकरणों को समय पर करवाते रहें, जिनमें इन्फ्लूएंजा का टीका (अक्टूबर से अप्रैल के बीच वर्ष में एक बार), निमोनिया का टीका (प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार) तथा दाद का टीका (हरपीज ज़ोस्टर, 50 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए जीवन में एक बार) शामिल हैं।

**प्रदूषण और मधुमेह**

पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण, सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण बढ़ जाता है क्योंकि वातावरण में निलंबित कण पदार्थ भर जाते हैं, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। भारत में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण मधुमेह के लिए एक योगदानकर्ता है। इसके अलावा, ये जहरीले प्रदूषक और धुंध श्वसन संक्रमण के जोखिम को बढ़ाते हैं, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और अनियंत्रित रक्त शर्करा के स्तर की समस्या हो सकती है। इसलिए, यह अनुशंसा की जाती है कि मधुमेह वाले लोग सर्दियों के दौरान अपने रक्त शर्करा की अधिक बार जाँच करें और यदि कोई जटिलता उत्पन्न होती है तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

**सर्दियों में आहार**

सर्दी त्यौहारों, कार्निवल, यात्रा, छुट्टियों और सामाजिक समारोहों का मौसम है। कई भारतीयों के लिए, ये अवसर स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठाने के इर्द-गिर्द घूमते हैं। इसके अलावा, उत्तर बंगाल और पहाड़ी क्षेत्रों जैसे ठंडे क्षेत्रों में, शारीरिक गतिविधि में काफी कमी आ सकती है। जो लोग रोजाना कई बार इंसुलिन की खुराक लेते हैं, वे यात्रा के दौरान खुराक लेना भूल सकते हैं या खुराक लेना भूल सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप रक्त शर्करा नियंत्रण खराब हो सकता है। इसलिए, मधुमेह से पीड़ित लोगों को सर्दियों के दौरान आहार, शारीरिक गतिविधि और दवा के पालन के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**सर्दी और अत्यधिक संवेदनशील समूह**

मधुमेह से पीड़ित लोगों के कुछ समूह अत्यधिक संवेदनशील माने जाते हैं, जिनमें टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चे, 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मोटे और बुजुर्ग व्यक्ति, उच्च रक्तचाप, क्रोनिक किडनी रोग, स्ट्रोक या दिल के दौरे का इतिहास, किडनी प्रत्यारोपण के बाद के रोगी और कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी से गुजर रहे कैंसर रोगी शामिल हैं। इन व्यक्तियों को सर्दियों के दौरान विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता होती है, क्योंकि रक्त शर्करा और रक्तचाप में मामूली उतार-चढ़ाव (जो दोनों ठंडे मौसम में बढ़ जाते हैं) उनकी स्वास्थ्य स्थिति को खराब कर सकते हैं।

**मधुमेह और सीजीएम (निरंतर ग्लूकोज निगरानी)**

ऊपर की गई चर्चा से यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए रक्त शर्करा को नियंत्रित रखना आवश्यक है, खासकर सर्दियों में। अच्छे ग्लाइसेमिक नियंत्रण की कुंजी डॉक्टर की सलाह के अनुसार घर पर नियमित रूप से रक्त शर्करा के स्तर की निगरानी करना है। ग्लूकोमीटर से रक्त शर्करा की स्व-निगरानी के लिए रोगियों से प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है, क्योंकि बार-बार उंगली चुभाना दर्दनाक और आक्रामक हो सकता है। दुनिया भर में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि निरंतर ग्लूकोज निगरानी एसएमबीजी की तुलना में कम खर्चीली, कम आक्रामक है, और इससे उपचार संतुष्टि अधिक होती है। कौन बिना एक भी उंगली चुभाए एक दिन में 100 शुगर रीडिंग लेना पसंद नहीं करेगा?

# युवा महिलाओं के लिए अमृत काल बेमिसाल



प्रियंका सौरभ

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में बड़ा बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसद से अधिक युवा महिलाएं कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसद कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसद तक पहुंच गया है। युवतियां विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफार्म तक पहुंच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएं अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसद थी। कई युवा महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसद से बढ़कर 2022 में 18 फीसद हो गई। ये आकांक्षाएं पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएं करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएं बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है।

ऊंची शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को



सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42 फीसद की तुलना में अब 54 फीसद महिलाए बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएं पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम) , 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएं शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है।

आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और एक्सीलेंस नॉलेज सिटी सीकर का रहा है आत्मीय संबंधः वाहिद चौहान

चमकता राजस्थान





**जयपुर (खलील कुरैशी)**। एक्सीलेंस नॉलेज सिटी फार गर्ल्स कॉलेज के फाउंडर और प्रसिद्ध फिल्मकार वाहिद चौहान ने राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और एक्सीलेंस नॉवेल सिटी गर्ल्स कॉलेज के बारे में विस्मरण होकर बताया कि कद्दावर भाजपा नेता सांसद घनश्याम तिवाड़ी से मेरी कई सालों से दोस्ती है चंद दिन पहले जयपुर में उनके घर पर मुलाक़ात हुई, बहुत अच्छा लगा यह मेरा फ़र्ज़ बनता है कि सीकर वालों को बताऊँ कि एक्सीलेंस नॉलेज सिटी बनाने में शुरू से ही घनश्याम का मुझे बहुत सपोर्ट रहा है । जब घनश्याम राजस्थान के शिक्षा मंत्री थे,उस समय मैंने एक्सीलेंस के बारे में पूरे राजस्थान वालों को बताने के लिए हमारी एक फ़िल्मि ''ल डिवोर्स छए उक्र्श्डफ्ळए '' जो पेरिस में बनाई गई थी, उसका एक चैरिटी प्रीमियर शो पैराडाइस सेंटर जयपुर एयर पोर्ट के पास में रखा था। जिसकी इनकम एक चैरिटी ठऋ्ड प्रथम को दिया गया था । प्रीमियर के लिए अमेरिका से इस्माइल मैर्चेंट साहब व फ़िल्मि के हॉलीवुड स्टार मेथीव मोड़ीन और मुम्बई से शशि कपूर साहब आये थे ।चीफ गेस्ट उस वक़्त की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे थीं और स्पेशल गेस्ट शिक्षा मन्त्री घनश्याम तिवाड़ी थे। जो अपनी बेटी के साथ आये थे । साथ में हमारे दोस्त जगदीप धनखड़, बीना काक , दुर्रु मियाँ ,भँवर जितेंद्र सिंह और भी कई मशहूर हस्तियाँ मौजूद थीं । वसुंधरा ने सभी सीनियर आई ए एस और आई पी एस अफ़सरों को भी बुलवाया था । फ़िल्मि शुरू होने से पहले स्क्रीन के सामने स्टेज पर एक फंक्शन हुआ उसमें सभी ने एक्सीलेंस के ज़रिये बेटियों को शिक्षित करने की सराहना की। इसमें घनश्याम की स्पीच सब से अच्छी रही और उन्होंने मेरी दीवानगी और मेहनत के बारे में बहुत अच्छे ढंग से पेश किया । फ़िल्मि शुरू होने से पहले एक्सीलेंस और मेरे ऊपर दूरदर्शन की बनाई हुई एक बहुत ही बेहतरीन डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। जिसे बहुत पसंद किया गया । इस फ़ंक्शन के लिए घनश्याम ने हमारी बहुत मदद की थी, जिससे राजस्थान के सारे अधिकारियों को एक्सीलेंस की बारे में अच्छी तरह से पता चल गया जिससे हमें आगे जाकर हर डिपार्टमेण्ट में मदद मिलती रहीं ।

एक्सीलेंस नॉलेज सिटी की ज़मीन बीजेपी सरकार से मिली थी उस को बचाने में मदद करना ।सीकर कलक्टर राम रख और अश्विनी भगत व सीनियर रेवेन्यू सेक्टरेट्री परमेशचन्द्र के सपोर्ट और मेहनत से वसुंधराज ने जब एक्सीलेंस को साठ हज़ार वर्ग मीटर ( 6 हेक्टर ) ज़मीन स्पेशल रेट पर लीज़ पर दी और हमने बड़ी मुश्किल से उसे ख़ाली करवा कर क़ब्ज़ा लेकर काम शुरू कर दिया ।तब बहुत सारे लोगों और कुछ बहुत बड़े नेताओं को नागवार गुज़रा और उन्होंने वसुंधरा पर दबाब डालना शुरू कर दिया कि अलॉटमेंट कैंसिल कर देना चाहिए । उनमें एक सांसद भी थे उनका वसुंधरा को लिखे हुए लेटर की कॉपी आज भी मेरे पास मौजूद है । मुझे पूरा भरोसा था कि वसुंधरा किसी के भी प्रेशर में कभी भी नहीं आएगी , वो एक बहुत स्ट्रॉंग लेडी हैं । उन्होंने बहुत सोच समझ कर ही ज़मीन दी थी क्योंकि उनको एक्सीलेंस और मेरे बारे में अच्छी तरह से जानकारी थी । उन्होंने मुझे पूरे राजस्थान में महिला शिक्षा के लिए बेहतरीन काम की लिए सरकार की तरफ़ से महिला सशक्तीकरण अवार्ड भी दिया ।फिर भी मुझे फ़क्रि हो रही थी और मैं रिस्क लेना नहीं चाहता था कि कहीं पार्टी लेवल पर हाई कमानन के प्रेशर नहीं आ जाये और वो मजबूर होकर अलॉटमेंट कैंसिल नहीं कर दें । इस बात का ज़क्रि मैंने मेरे एक कॉलेज टाइम के बहुत ही अच्छे बिज़नेसमैन दोस्त विजय भीमराजका से ज़क्रि किया जिस के परिवार वालों का आर एस एस वालों से अच्छे तालुक़ात हैं । उस ने मुझ से कहा कि इसी हफ़्ते राजस्थान के प्रवासी भारतीयों ने राजस्थान की मुख्यमन्त्री , शिक्षा मंत्री और कुछ और मन्त्रियों को न्यूयार्क , अमरीका में तीन दिन के फंक्शन के लिये बुलवाया है और कहा कि वो भी साथ जा रहा है । उस ने ने कहा कि ऑर्गनाइज़र्स उस के दोस्त है , वो उनसे कह कर मुझे भी गर्ल्स एजुकेशन में बेहतरीन काम करने के लिये अवार्ड देने के लिए इन्वाइट कर देंगे । इस तरह से हमें न्यूयॉर्क में वसुंधरा जी से फुरसत में मिलकर बात करने का मौक़ा मिल जायेगा । मुझे आईडिया अच्छा लगा , दूसरे ही दिन विजय ने न्यूयार्क से मेरे लिये अवार्ड लेने के लिए इनविटेशन लेटर मँगवा दिया , मेरे पास वरअ और वङ की दस साल की वीज़ा हमेशा रहती है और हम दोनों और भी कुछ विजय के बिज़नेसमैन दोस्त थे, मिलकर न्यूयार्क के लिए रवाना हो गये ।लन्दन एयर पोर्ट पर दो घंटे का स्टॉप था ,दिल्ली से वसुन्धराज घनश्याम और दूसरे लोग भी लन्दन से हमारे प्लेन में आ गये तो घनश्याम से मुलाक़ात हो गई तो उन्होंने ने मुझसे पूछा कि क्या में न्यूयॉर्क मेरे बिज़नेस या पर्सनल काम से जा रहा हूँ तो मैंने कहा कि मैं भी आप लोगों के साथ ही फ़ंक्शन में जा रहा हूँ लेकिन मैंने उनसे मेरी परेशानी की वजह बताई तो उन्होंने मुझे से कहा कि मैं फ़क्रि न करूँ और कहा कि वह वसुन्धराज से बात करेंगे और उनको समझाएंगे दूसरे दिन उन्होंने वसुंधराज को समझाया कि वाहिद साहब बहुत अच्छा काम कर रहे है और हमें उनको और ज़्यादा सपोर्ट करना चाहिए , वसुन्धराजें तो पहले से ही खुश थी और घनश्याम के भी सपोर्ट से और ज़्यादा मज़बूत हो गई । फिर मुझे घनश्याम ने बताया कि उनकी बात हो गई है , फ़क्रि करने की ज़रूरत नहीं है ।फिर मेरी वसुन्धराजें से फुरसत से डिटेल में बात हुई और उन्होंने कहा कि उनकी घनश्याम से भी बात हो गई है और कहा कि मुझे फ़क्रि करने की ज़रूरत नहीं है । जब मुझे अवार्ड मिला उस फंक्शन में वसुन्धराजें ने अपने भाषण में मेरे काम की जम कर तारीफ़ की और कहा कि हमें राजस्थान में वाहिद जैसे और लोग चाहिए । उस दिन से मैंने ज़मीन को लेकर फ़क्रिमन्द होना छोड़ दिया इस के बाद भी जब कभी भी मुझे एक्सीलेंस के बारे में जो भी काम होता घनश्याम और उनके बेटे अखिलेश जो बहुत ही ज़हीन और काबिल इन्सान है, ने मेरी हमेशा मदद की है । उन्होंने एक्सीलेंस नॉलेज सिटी को बनाने और सीकर के सभी समाज की बेटियों को शिक्षित करने में बहुत बड़ा योगदान दिया जिस का मैं ,एक्सीलेंस और सीकर की बेटियाँ हमेशा शुक्रगुज़ार रहेंगे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

### फिल्म अतीत की घटना की सत्यता सामने लाती है 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म :- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रीपरिषद के सदस्यों एवं विधायकों के साथ गुरुवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित 'एंटरटेनमेंट पैराडाइज' मल्टीप्लेक्स में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी।मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फिल्म ने इतिहास की निंदनीय घटना की सच्चाई जनता के सामने लाने का काम किया है। उस दौर में इस घटना को लेकर जो झूठ परोसा गया था, उसकी सच्चाई इस फिल्म के माध्यम से उजागर होती है। उन्होंने फिल्म के निर्माताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए।इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा,उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, जितेन्द्र गोठवाल, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, पूर्व सांसद नारायण लाल पंचारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### यूपीएचसी आदर्श नगर को मिला नेशनल एन्क्वास सर्टिफिकेशन

- जिला कलक्टर ने सर्टिफिकेट प्रदान कर किया सम्मानित



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 21 नवंबर। राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आदर्श नगर को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल एन्क्वास सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। यूपीएचसी को विभिन्न स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर यह सम्मान मिला है।गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिती की बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ( परिवार कल्याण) डॉ. प्रवीण झारवाल ने प्रभारी डॉ. रवि उपाध्याय व उनकी टीम को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सीएमएचओ व उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में इसी प्रकार की उत्तरोत्तर प्रगति किए जाने की बात कही।

## 7 स्टार होटल से कम नहीं है ये गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन, जानिए कब उतरेगी ट्रैक पर



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** भारतीय रेलवे और आई आर सी टी सी की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एकबार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली Golden Chariot Luxury Tourist Train इस बार 14 दिसंबर को रवाना हो रही है। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए 1 केबिन है। 40 केबिन वाले इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं।

इस ट्रेन का नाम गोल्डन चैरियट है जिसका मतलब होता है स्वर्ण रथ। यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम, आरामदायक बेड, शानदार टीवी जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है।

गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है।जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं। जहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन इंटरनेशनल ब्रांडों के क्रॉकरी और कटलरी

में परोसे जाएंगे। इसके साथ ही बार में बेहतरीन और ब्रांडेड वाइन, बीयर और मदीरा मौजूद है।

यात्रियों की सेहत और आरामदायक सफर के लिए इस गोल्डन चैरियट ट्रेन में आरोग्य स्पा भी हैं, जहां स्पा थेरेपी समेत कई स्पा का आनंद लिया जा सकता है। यही नहीं सेहत का ख्याल रखने के लिए एक हाइटेक जिम भी है जहां वर्काउट के लिए बेहद आधुनिक एक्सरसाइज मशीने हैं। मेहमानों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी ट्रेन सीसीटीवी कैमरे और फायर अलार्म सिस्टम से लैस है। पूरी ट्रेन किसी 7 स्टार होटल से कम नहीं है।

लग्जरी ट्रेन 5 रातें और 6 दिन गुजारने के लिए आपको मात्र 4,00,530 और 5% GST देना होगा। जिसमें रहना, खाना, शराब, प्रवेश टिकट, गाइड आदि शामिल है। अधिक जानकारी के लिए www.goldenchariot.org वेबसाइट पर विजिट करें या फिर Xgoldenchariot@irctc.com पर अपने सवाल भेजें। साथ ही +91 8585931021 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

2024-25 के लिए रुटः कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर बांदीपुर, मैसूर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, हम्पी, गोवा और वापस बेंगलुरु।

दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर मैसूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, तंजावुर, चेट्टीनाड, कोचीन, चेरतला और वापस बेंगलुरु।

14 दिसंबर, 2024- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 21 दिसंबर, 2024-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन)4 जनवरी, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 1 फरवरी, 2025 -कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 15 फरवरी, 2025-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) 1 मार्च, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति एवं टीबी फोरम एवं टीबी कामोर्बिडीटी की बैठक

- जन भागीदारी से 2025 तक हो टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** जिला कलेक्ट्रेट में गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति एवं टीबी फोरम एवं टीबी कामोर्बिडीटी की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को टीबी रोगियों को बेहतर इलाज और जन भागीदारी से मदद मुहैया करवाये जाने के निर्देश दिए गए।टीबी रोगियों को बेहतर इलाज के लिए अतिरिक्त मदद दी जाए साथ ही समुदाय को टीबी रोगियों और उनके परिवारों को पोषण, निदान और अन्य सहायता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, सहकारी संगठनों, महिला आरोग्य समितियों एवं स्वयं सहायता समूहों आदि के माध्यम से टीबी से पीड़ित व्यक्तियों को जागरुक करने तथा सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये साथ ही निक्षय पोषण योजना एवं निक्षय समबल योजना के तहत निक्षय मित्रों की संख्या बढाने एवं निक्षय डिजिटल पोर्टल पर शत प्रतिशित लक्षय हासिल करने के लिए धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा गया।जिला कलक्टर ने बैठक में उपस्थित टीबी चैम्पियन से भी चर्चा की तथा उनके कार्यों की सराहना की, इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तथा गर्भवती महिलाओं को 'मां योजना' (मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना) का अधिकाधिक संख्या में लाभ मिले और एनिमिया मुक्त राजस्थान बनाने के लिए बालिकाओं एवं महिलाओं को आयरन टेबलेट उपलब्ध करवाने तथा मौसम परिवर्तन को देखते हुए अतिरिक्त फोगिंग करवाने तथा सभी पीएचसी, सीएचसी पर दवाईओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. विजय सिंह फौजदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. हंसराज भदौलिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दूदू डॉ. बनवारी चौधरी, जिला औषधि निरीक्षक सभी सीएचसी व पीएचसी अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### लीग के शुभारंभ में पुलिस-पब्लिक की टीमों के प्रथम चरण के आठ मैच हुए

## पुलिस आयुक्तालय जयपुर जिला उत्तर में बॉलीबॉल लीग का शुभारंभ

चमकता राजस्थान।





**जयपुर !(खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की अभिनव पहल पुलिस व आम जनता के बीच दूरियों को समाप्त कर,पुलिस एवं आमजन के बीच आपसी सामंजस्य एवं मेल मिलाप बढ़ाने के उद्देश्य से 21 नवम्बर से 1 दिसंबर तक उत्तर जिले में वॉलीबॉल लीग का आयोजन रखा गया।गुरुवार को पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल लीग का शुभारंभ किया।लीग के शुभारंभ में पुलिस-पब्लिक की टीमों के प्रथम चरण के आठ मैच खेले गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तर दुर्ग सिंह ने बताया कि वॉलीबॉल लीग के प्रथम चरण में पुलिस पब्लिक टीमों के मैचों में थाना आमेर,कोतवाली,नाहरगढ विद्याधर नगर एवं माणक चौक में आमजन की टीमें विजय रही। थाना जयसिंहपुरा खोर, शास्त्री नगर एवं सुभाष चौक के मैचों में पुलिस की टीम विजयी रही। वॉलीबॉल लीग के मैचों में थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों एवं सुरक्षा सखियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं आमजन में ख़ासा उत्साह देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### (पी.एम.स्वनिधि) योजना के तहत मुरलीपुरा जोन में 22 एवं 23 नवंबर को आयोजित होगा शिविर

- 18 नवंबर से 2 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है पखवाड़ा



**चमकता राजस्थान । जयपुर! (खलील कुरैशी) 21** नवम्बर। प्रधानमंत्री स्ट्रीटवेण्डर्स आत्मनिर्भरनिधि (पी.एम.स्वनिधि) योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के उद्देश्य से 18 नवंबर 2024 से 2 दिसम्बर 2024 तक ''स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी'' पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत शुक्रवार को मुरलीपुरा जोन कार्यालय पर 2 दिवसीय शिविर लगाया जायेगा। इसके पश्चात विद्याधर नगर जोन कार्यालय में 25 एवं 26 नवंबर को, जगतपुरा जोन कार्यालय में 27 एवं 28 नवंबर को, सांगानेर जोन कार्यालय में 29 एवं 30 नवंबर को एवं झोटवाड़ा जोन कार्यालय में 2 दिसम्बर को शिविर आयोजित किये जायेगे। उपायुक्त डे-एनयूएलएम ने बताया कि पी.एम.स्वनिधि के बैंकों में लंबित स्वीकृत ऋणों का वितरण एवं लंबित आवेदनों की स्वीकृति मौके पर ही जारी करवाया जायेगा।पी.एम.स्वनिधि के अधिक से अधिक नए आवेदन बैंकों में भिजवाये जायेगे।पी.एम.स्वनिधि योजना का लाभ ले चुके लाभार्थियों के परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाईलिंग करवाना एवं प्रोफाईलिंग के बाद परिजनों को 8जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पी.एम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, मातृ वन्दन योजना, बीओसीडब्ल्यू पंजीकरण से लाभान्वित करवाया जायेगा।

पखवाड़े का शिविर कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

(1). मुरलीपुरा जोन- जोन कार्यालय 22 नवंबर 2024 से 23 नवंबर 2024 तक(2). विद्याधर नगर जोन- जोन कार्यालय 25 नवंबर 2024 से 26 नवंबर 2024 तक(3). जगतपुरा जोन- जोन कार्यालय 27 नवंबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक(4). सांगानेर जोन- जोन कार्यालय 29 नवंबर 2024 से 30 नवंबर 2024 तक (5). झोटवाड़ा जोन- जोन कार्यालय 02 दिसम्बर 2024 को शिविर आयोजित किया जायेगा।

### युवती के नाम से अश्लील पोस्टर : कॉलोनी में फैलाई बदनामी, पुलिस ने की जांच शुरू

**अजमेर/एजेंसी।** क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती के नाम से अश्लील सामग्री लिखकर पोस्टर चिपकाने का शर्मनाक मामला सामने आया है। यह पोस्टर न केवल पीड़िता के घर के बाहर, बल्कि पूरी कॉलोनी में लगाए गए, जिससे परिवार और समाज में उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की गई।पीड़िता ने सुबह जब अपने घर से बाहर कदम रखा, तो घर के बाहर चिपके पोस्टर ने उसे स्तब्ध कर दिया। उसने तुरंत इस बारे में अपने पिता और भाई को जानकारी दी, और परिवार ने कॉलोनी में जाकर देखा तो वहां भी ऐसे ही पोस्टर लगे मिले। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि यह घिनौना कृत्य रात के समय किया गया, जब कॉलोनी के लोग सो रहे थे। उसका आरोप है कि यह उसे बदनाम करने की सुनियोजित साजिश है।

- **पुलिस ने दर्ज किया मामला**

क्लॉक टावर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि पोस्टर लगाने के पीछे किसका हाथ है और इस घिनौने कृत्य का मकसद क्या है।

इस घटना ने कॉलोनीवासियों के बीच नाराजगी और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने विश्वास दिलाया है कि दोषियों को जल्द ही पकड़ा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सांसद मंजू शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई जनसुनवाई

# जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## 241 फरियादियों की हुई सुनवाई, 36 परिवेदनाओं का मौके पर ही हुआ निस्तारण

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ।सांसद मंजू शर्मा सहित विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 241परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 36 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 241 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, छात्रवृत्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं।

### जनसुनवाई में यें रहे मौजूद

जनसुनवाई में जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा,विधायक गोपाल शर्मा, डॉ शिखा मील बराला, विधायक प्रशांत शर्मा जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनिता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दो अवैध देशी पिस्टल सहित तीन जिन्दा कारतुस सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

## एक्शन में सदर थाना सी आई गजेंद्र सिंह व टीम

### दो लक्जरी गाड़ी सहित 50 हजार की नकदी भी जब्त!



चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़( बाबू अग्नानी) सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। वहीं मामले में दो कारें हुंडई वरना व ओरा के साथ पचास हजार रुपये भी जब्त किए है।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शहर चितौडगढ मे सदिग्ध व्यक्तियो व लोकल स्पेशल एक्ट अवैध हथियार की धरपकड हेतु एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह व डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय कुमार के सुपरविजन एवं थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना के एएसआई ददु सिंह, शंकरलाल, सोहनलाल, कानि. हेमेन्द्र सिंह, भगवत सिंह, भजनलाल, गजेन्द्र सिंह व रोहिताश की अलग अलग टीम द्वारा सेती चौकी के सामने नाकाबन्दी के दौरान अलग-अलग दो संदिग्ध हुण्डयी ब्लेक कार वरना व ओरा को रोक तीन व्यक्ति व गाडियो की तलाशी ली जाकर उनके कब्जे से अवैध दो देशी पिस्टल सहित तीन जिन्दा कारतुस, 50 हजार रू जब्त कर तीन आरोपियों चंदेरिया थाने के माताजी की पाण्डोली निवासी रमेश चन्द्र पुत्र भगवान लाल जटिया, बराडा थाना सदर चितौडगढ निवासी कालु सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह रावत एवं सावा थाना शंभुपुरा निवासी प्रकाश चौधरी पुत्र रमेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। तीनो गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियार संबधित अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### ऑनलाइन सट्टे से भी जुड़े हैं तार

» जानकारी के अनुसार यह सभी आरोपी ऑनलाइन सट्टे के व्यवसायिक से जुड़े हैं! पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि जोगणिया बुक की आईडी बनवाने के साथ–साथ ग्राहकों को भी आई डी भी उपलब्ध कराई जाती है । और फर्जी खातों को खुलवाकर लाखों रुपए के ट्रांजैक्शन किए जाते हैं ,जोगणिया बुक के मामले में पुलिस ने पहले मुख्य सरगना को भी गिरफ्तार किया था । जबकि तीन से चार अन्य लोग इस मामले में फरार बताए जाते हैं । कल हुई कार्यवाही के बाद कई और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हे! इधर सूत्रों के हवाले से जानकारी है कि आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर भी पूछताछ हो सकती हे !

### कोटा की भीमगंजमंडी थाना पुलिस की कार्रवाई : लोगों से करोड़ों की ठगी कर फरार चल रहा मोस्ट वांटेड 5 हजार का इनामी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/कोटा! (खलील कुरैशी) 21 नवंबर।** कोटा शहर की भीमगंजमंडी थाना पुलिस ने आमजन से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर एक साल से फरार चल रहे 5000 के इनामी मोस्ट वांटेड ललित किशोर चतुर्वेदी पुत्र श्याम सुंदर (65) निवासी इंदिरा विहार तलवंडी थाना जवाहर नगर कोटा शहर को कर्नाटक के बेंगलुरु में एक फ्लैट से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ललित किशोर चतुर्वेदी के विरुद्ध थाना भीमगंजमंडी में 25 फरवरी 2023 से 3 अप्रैल 2024 के बीच धोखाधड़ी के पांच मुकदमे दर्ज हुए थे। इनकी मैसर्स आकृति लैंडकॉन कंपनी नाम से फर्म थी, जिनमे आरोपी डायरेक्टर था। आरोपी और इसके अन्य साथियों ने खेड़ली फाटक स्थित मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के फ्लैटों की रजिस्ट्री करवा दोबारा अन्य व्यक्तियों को बेच करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की थी।

एसपी डॉ दुहन ने बताया कि मामले में पुलिस पूर्व में कंपनी के दो डायरेक्टर्स को गिरफ्तार कर चुकी हैं। अभियुक्त ललित किशोर कोटा स्थित अपने घर को छोड़ मुकदमा दर्ज होने के बाद कोटा से फरार होकर 1 साल से बेंगलुरु और दिल्ली में स्थान बदल बदल कर विलासिता पूर्ण जीवन यापन कर रहा था।डॉ दुहन ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक साल से फरार चल रहे आरोपी ललित किशोर को मोस्ट वांटेड की श्रेणी में रख 5000 के इनाम की घोषणा की गई थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए एएसपी दिलीप कुमार सैनी व सीओ गंगासहाय शर्मा एवं एसएचओ भीमगंजमंडी रामकिशन गोदारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।मामले में एसएचओ रामकिशन गोदारा द्वारा मुखबिरों को एक्टिव कर आसूचना संकलित की गई। तकनीकी अनुसंधान कर थाना रेलवे कॉलोनी के एएसआई जगदीश प्रसाद एवं साइबर सेल के हेड कांस्टेबल सुरेश, श्यामवीर एवं एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल रंजीत की टीम द्वारा लगातार पीछा करते हुए फ्लैट में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# दिव्यांगजनों के विकास का आधार बनेगा सक्षम जयपुर अभियान

## जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर अधिकारियों ने शुरू की तैयारी

चमकता राजस्थान



जयपुर( खलील कुरैशी) 21 नवंबर। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर की बस्सी पंचायत समिति में 25 नवंबर को सक्षम जयपुर अभियान का शुभारंभ होगा। सक्षम जयपुर अभियान के तहत दिव्यांगजनों को चिन्हीकरण, स्वावलंबन पोर्टल पर प्रमाण पत्र बनाने, यूडीआईडी कार्ड बनाने, सुखद दाम्पत्य जीवन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, जैसी सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने तथा अंग, उपकरण वितरण करने हेतु चिकित्सकों द्वारा जांच कार्य किए जाएंगे।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत शिवरों का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में पंचायत समिति स्तर पर शिविरों का आवेदन किया जाएगा, उसके पश्चात नगर निगम स्तर पर भी सक्षम जयपुर अभियान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि जिले में दिव्यांगजनों को सकारात्मक, उत्सवर्धक और बाधामुक्त परिवेश प्रदान करने एवं अन्य नागरिकों की तरह जीविका उपार्जन कर आत्मनिर्भर बनाने एवं सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में कारगर साबित होगा।उपनिदेशक सामाजिक विभाग कृष्णकांत सांखला ने बताया कि 25 नवंबर को बस्सी, 27 नवंबर को जमवारामगढ़/आंधी, 28 नवंबर को कोटखावदा, 29 नवंबर को आमेर/जालसू, 3 दिसंबर को सि-रसी, 4 दिसंबर को माधोराजपुरा, 10 दिसंबर को जोबनेर, 12 दिसंबर को सांभरलेक, 16 दिसंबर को किशनगढ़-रेनवाल, 17 दिसंबर को दूदू, 20 दिसंबर को मोजमाबाद, 24 दिसंबर को फागी, 26 दिसंबर को शाहपूरा, 27 दिसंबर को गोविंदगढ़, 30 दिसंबर को तुंगा, 2 जनवरी 2025 को चाकसू और 7 जनवरी 2025 को सांगानेर पंचायत समिति परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 7 तक सक्षम जयपुर अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### 25 नवंबर को बस्सी पंचायत समिति में होगा अभियान का आग़ाज़

उन्होंने बताया कि इन शिवरों में जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है, उनका पंजीकरण करवाया जाएगा एवं जिनका पंजीकरण हो गया है उनका आकलन किया जाएगा एवं जिनका आकलन हो चुका है उनका मेडिकल बोर्ड द्वारा परीक्षण कर दिव्यांगता योग्यता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनों का यूडीआ-ईडी कार्ड/ दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बन गया है, उन दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिक शिविर में मौजूद रहेंगे। साथ ही, शिविर में ही रोडवेज अधिकारियों द्वारा रोडवेज पास बनवाने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों की आवश्यकता अनुसार सहायक अंग/उपकरण के लिए चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी एवं आवश्यक सहायक उपकरणों की सूची बनाई जाएगी अगले चरण में लगने वाले कैंपों में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बीपी चंदेल ने बताया कि पूर्व में केवल 7 श्रेणियां में ही दियव्यंगता प्रमाण पत्र बनाए जाते थे, अब इन्हें बढ़कर 21 श्रेणियां में कर दिया गया है। इन 21 श्रेणियां में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। नई जोड़ी गई प्रमुख श्रेणियां में बौनापन, सिलिकलसेल से ग्रसित, हीमोफीलिया रोगी इत्यादि हैं।उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में सक्षम जयपुर अभियान के सफल आयोजन के बाद जयपुर शहर में भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में दरभंगा-दिल्ली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी



**पटना।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नरकाटियागंज के हरिनगर रेलवे स्टेशन के पास बीती मध्य रात्रि दिल्ली से दरभंगा आने वाली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी हो गई। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बताया गया है कि यार्ड परिसर में इंजन के पीछे की एक बोगी डिरेल हुई। अचानक झटका लगने से घबराये यात्री अपनी-अपनी सीट से उठ गए। कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। ट्रेन चार घंटे तक हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। सूचना पर पहुंची एआरटी की टीम ने बेपटरी बोगी को अलग किया। इसके बाद आज तड़के 3:55 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। स्टेशन मास्टर रितेश कुमार ने बताया कि स्पेशल ट्रेन सामान्य बोगी के बेपटरी होने से अचानक रुक गई। गति तेज नहीं होने की वजह से कोई अनहोनी नहीं घटी।

### 42 अपराधी गिरफ्तार, 3 लाख 88 हजार बरामद



**नवादा।** नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने गुरुवार को बताया कि विशेष अभियान चला कर बुधधार की रात पुलिस ने 42 लोगों को गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी उस वक्त हुई जब रात में पुलिस सड़क पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। नवादा के एसपी अभिनव धीमान के आदेश पर अचानक सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस उतरी और जांच शुरू कर दी । इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 42 लोग पकड़े जो लूट, चोरी, अपहरण और अन्य मामलों में फरार चल रहे थे। वाहन चेकिंग के दौरान तीन लाख 88 हजार रुपये का फाइन भी काटा गया. अचानक बड़ी संख्या में सड़क पर इस तरह पुलिस को देख स्थानीय लोग भी सकते में आ गए। नवादा एसपी अभिनव धीमान की ओर से यह जानकारी दी गई कि रात 10 बजे पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया. जांच के क्रम में फरार चल रहे 42 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। उधर एक साथ 42 लोगों की गिरफ्तारी के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

### एसबीआई मैनेजर और एक अन्य को ठहराया जिम्मेवार

**अररिया ।** अररिया के कुसाकांटा कुआड़ी में 40 वर्षीय सीएसपी संचालक सीत कुमार साह ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से मिले सुसाइडल नोट में उन्होंने खुदकुशी के लिए कुसाकांटा के स्टेट बैंक के मैनेजर और एक अन्य सीएसपी संचालक की पति को आत्महत्या का जिम्मेवार बताया है। पंखे से शव को लटका देख परिजन आनन फानन में उसे लेकर कुसाकांटा पीएचसी पहुंचे,जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मृतक के भाई बसंत कुमार साह ने बताया कि कुसाकांटा के एसबीआई मैनेजर उदय प्रियदर्शी तीन माह से सीएसपी संचालन के एवज में उनके भाई से दो लाख रुपए की मांग कर रहे थे।

### जिलाधिकारी ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**भागलपुर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों को दिए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी गुरुवार को भागलपुर के सदर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान डीएम ने सदर अस्पताल के सभी विभागों, मॉडर्न पैथोलॉजी, दवाई वितरण केंद्र, बच्चे का टीकाकरण केंद्र और मरीजों और उनके परिजन के प्रतीक्षा के लिए बनाए गए प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने मरीजों को और कैसे बेहतर सुविधा प्रदान किया जाय इसको लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने मरीज और उनके परिजन से अस्पताल में होने वाले परेशानियों के बारे में भी जाना। सदर अस्पताल के औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी काफी खुश नजर आए।

### सुविधावंचित बच्चों के लिए आशा की किरण



**कोलकाता।** लायंस क्लब ऑफ कोलकाता आईईएम ने दिल छू लेने वाली पहल इच्छे पाखा के साथ बाल दिवस मनाया, जिसका उद्देश्य सुविधावंचित बच्चों में खुशी और करुणा लाना है। स्वयंसेवकों की दो टीमों ने स्थानीय अनाथालयों और स्कूलों का दौरा किया, और उन बच्चों के साथ बातचीत की, जिन्होंने कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन उल्लेखनीय लचीलापन और रचनात्मकता दिखाना जारी रखा है। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा और सपनों का प्रदर्शन करते हुए गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत किए। लायंस क्लब ने देखभाल के प्रतीक के रूप में बच्चों को 300 भोजन के पैकेट और मिठाइयाँ वितरित कीं।

# मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की ली समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के दिए निर्देश







चमकता राजस्थान

जयपुर, 21 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधारभूत ढ़ांचे के विकास से राज्य के विकास को गति मिलती है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश में आवागमन को सरल और सुगम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रदेश में सड़क निर्माण एवं संधारण सहित महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के निर्माण कार्यों को पूर्ण जिम्मेदारी एवं समयबद्धता के साथ पूरा करे।

मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा एवं अन्य घोषणाओं के तहत बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जांच करने एवं गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय राजमार्गों एवं ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा

» मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन्हें समय से पूरा किया जाए, ताकि आमजन के लिए जल्द से जल्द उपयोग में आ सकें। शर्मा ने प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्यों की भी समीक्षा कर निर्देश दिए कि प्रगतिरत कार्यों में गति लाई जाए एवं आगामी परियोजनाओं की जल्द डीपीआर तैयार करवाई जाए। उन्होंने राजस्थान में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को लेकर निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार इनकी डीपीआर जल्द तैयार कराएं, जिससे इनका कार्य प्रारंभ हो सके।

### पीएमजीएसवाई के प्रगतिरत कार्य को जल्द पूरा करें

» शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत संचालित सड़क निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों एवं आरएसआरडीसी द्वारा संचालित भवन निर्माण, ब्रिज कार्य एवं सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को राज्य राजमार्ग, मुख्य जिला सड़क, अन्य जिला सड़क एवं ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण के कार्यों को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कस्टम आयुक्त ने सुगौली कस्टम कार्यालय का किया निरीक्षण



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** बिहार-झारखंड के कस्टम आयुक्त डॉ यशवर्धन पाठक ने गुरुवार को सुगौली कस्टम अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त डॉक्टर पाठक ने अधिकारियों से विभाग से जुड़ी उपलब्धियों और समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निदेशित किया कि पड़ोसी देश नेपाल की सीमा सटी हुई है। जहां से तस्कर प्रतिबंधत सामान अपने देश में चोरी-छिपे लाते हैं।उन पर कड़ी नजर रखनी है और अधिक से अधिक छापेमारी अभियान चलाते रहना है।उन्होंने कहा कि रक्सौल सहित विभाग के कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि नेपाल से भारी मात्रा में लाये जा रहे बियर को रक्सौल कस्टम के द्वारा जप्त किया गया है। कस्टम विभाग लगातार अपने मिशन को लेकर अभियान चला रहा है जिसमे विभाग के सभी अधिकारी लगे हुए हैं। निरीक्षण के दौरान कस्टम विभाग के मोतिहारी के एसी बिनोद कुमार,रक्सौल एसी रामानन्द सिंह,सुगौली कस्टम अधीक्षक अब्दुल मन्नान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## स्क्वेयरमार्क होम्स ने 65 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर लक्जरी विला-मोहोरकून्जो पेश किया

संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के दक्षिणी बाईपास से महज कुछ ही दूरी पर, स्क्वेयरमार्क होम्स अपने विशिष्ट लक्जरी विला लाने के लिए तैयार है, जिससे उनका प्रमुख प्रोजेक्ट मोहोरकून्जो शहर में सबसे अधिक मांग वाली रियल एस्टेट संपत्ति बन जाएगा। दक्षिण कोलकाता में लक्जरी जीवन शैली को फ्लैगशिप विला परियोजना मोहोरकून्जो के साथ नया रूप मिला है, जो बरुईपुर के शिक्षा-हब में दक्षिणी बाईपास से कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित है, जो पश्चिम बंगाल सरकार के विजन 2025 का एक अभिन्न अंग है।



51 बीघा (17 एकड़) में फैला, मोहोरकूनजो इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला विला प्रोजेक्ट है जो सभी विला में स्काईलाइट प्रदान करता है। जबकि प्रत्येक घर को सभी महत्वाकांक्षी घर मालिकों के सपनों को साकार करने के लिए नाजुक ढंग से तैयार किया गया है, यह सभी शहरी सुविधाओं से भी सुसज्जित है, जो इसे पोर्च पर कदम रखते ही एक शानदार अनुभव बनाता है।

विला में रोशनदान, कोने वाली खिड़कियाँ, आरामदायक बेडरूम, अच्छी रोशनी वाले लिविंग रूम, निजी पिछवाड़ा, किचन गार्डन और गैरेज जैसी सुविधाएँ हैं। चुनिंदा विला में तीन गुना ऊँचाई पर लिविंग डाइनिंग भी है। ये डुप्लेक्स प्रारूप वाले विला आपको एक निजी छत देते हैं जो ऊपर विशाल नीले आसमान और नीचे हरियाली को खोलता है।

₹लक्ष्य लोगों के जीवन को यथासंभव सुंदर बनाना है। इसी से मुझे विला बनाने का विचार आया, जिसमें भरपूर हरियाली हो और विस्तृत क्षेत्र हो, जहाँ एक थका देने वाले दिन के बाद एक परिवार विशाल हरियाली और ताजी हवा के बीच सद्भाव से रह सके। स्क्वायरमार्क होम्स किफायती विलासिता के लिए खड़ा है और इसलिए इन विला को महत्वाकांक्षी गृहणियों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। ये विला उन लोगों के लिए दूसरे घर के रूप में भी काम कर सकते हैं जो बढ़ते प्रदूषण और लगातार बढ़ते कंक्रीट के जंगल की दृश्य पीड़ा के बीच शहर में रहने से थक चुके हैं,₹ स्क्वायरमार्क होम्स के निदेशक श्री अनिल गादिया ने कहा।

विला की कीमत 65 लाख रुपये से शुरू होती है, जिसमें एक खास पिछवाड़ा, छत, तीन बेडरूम और तीन शौचालय हैं। अगले वेरिएंट की कीमत 75 लाख रुपये से शुरू होती है, जिसमें तीन बेडरूम भी हैं, जबकि अन्य सुविधाएं पहले जैसी ही हैं। सबसे ऊंचे सेगमेंट की कीमत 85 लाख रुपये से शुरू होती है, जिसमें तीन ऊंचाई वाला लिविंग-कम-डाइनिंग रूम, चार बेडरूम हैं, जबकि अन्य सभी सुविधाएं पहले जैसी ही हैं।

इस परियोजना में 45000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल में फैला एक क्लब भी शामिल है, जिसमें छत पर स्विमिंग पूल, सामुदायिक केंद्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, बहुउद्देश्यीय खुला कोर्ट, खुले लॉन, जॉगर्स पथ, कार पार्किंग, टेराकोटा कृष्ण मंदिर, उद्यान और फलों के बगीचे, सामुदायिक जनरेटर, सुरक्षा के लिए 24७7 सीसीटीवी और एक गेटेड कम्युनिटी के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी हैं।

## राज्यपाल ने तृतीय पद्म फेस्टिवल का किया विधिवत उद्घाटन

# ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन द्वारा किया गया तृतीय पद्म फेस्टिवल आयोजित

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कहा है कि मानव जीवन महत्वपूर्ण नहीं होता है, महत्वपूर्ण यह होता है कि मनुष्य उसे किस प्रकार आदर्श रूप में जीता है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हें ही मिलती हैं जो निरंतर मेहनत करते हैं। देश की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के लिए कार्य करने वाले ही पूज्य होते हैं। उन्होंने पद्म पु-रस्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में यह इसलिए प्रदान किए जाते हैं कि इन्हें पाने वालों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी उत्कर्ष जीवन की ओर आगे बढ़ सकें। राज्यपाल बागडे गुरुवार को



छत्रपति संभाजी नगर में ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन द्वारा आयोजित तृतीय पद्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती कविता पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि जीत उन्हीं की

### सफलता उन्हें ही मिलती हैं जो निर्बाध रूप से मेहनत करते हैं: हरिभाऊ बागड़े राज्यपाल

होती है जो निरंतर प्रयास करते हैं। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए निरंतर कार्य करने का आ''ान किया। उन्होने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है कि कोई फाउण्डेशन पद्म पुरस्क-ार पाने वालों के संवाद कार्यक्रम कर उनसे युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने की पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में ज्ञान का यज्ञ ही सबसे महत्वपूर्ण है।बागडे ने कहा कि संस्कृति का अर्थ ही होता है: निरंतर जो परिवर्तन को लेकर चले। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। भारतीय संस्कृति इसीलिए विश्व भर में आज भी अपनी पहचान बनाए हुए कि इसमें नए परिवर्तनों को साथ लेकर चलने की क्षमता है। इसमें संस्कारों की सुगंध समाई हुई है। आरंभ में उन्होंने पद्म पु-रस्कार पाने वालों का अभिनंदन करते हुए ज्ञान फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर फाउण्डेशन के उमेश टाकळकर ने स्वागत उद्बोधन दिया। अध्यक्षीय भाषण मिलिन्द केलकर ने देते हुए ज्ञानयज्ञ द्वारा पद्म पुरस्कार संवाद को महत्वपूर्ण बताया। ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन की निदेशक वत्सला देशपांडे और अजय देशपांडे ने बताया कि फाउंडेशन के अंतर्गत इस बार 13 पद्म पुरस्कार प्राप्त हस्तियों के 13 संवाद सत्र रखे गए हैं। इनके अंतर्गत उनके ज्ञान से दूसरों को भी प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर देश की संस्कृति और कलाओं पर कार्य करने के अंतर्गत यह तीसरा पद्मत उत्सव आयोजित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्राले की टक्कर से तीन बसों में लगी आग

**झज्जर।** बहादुरगढ़ में देवीलाल पार्क के पास तेज गति ट्राले की टक्कर से तीन बसें जल गई। घटना में कुल पांच वाहनों को नुकसान हुआ है। ट्राले का केबिन भी आग लगने से नष्ट हो गया। बहादुरगढ़ में देवीलाल पार्क की पहली पुलिया के निकट रोहतक-दिल्ली रोड पर हुई इस भीषण दुर्घटना से हर कोई हैरान है। गनीमत यह रही की हादसा बुधवार देररात हुआ और सड़क किनारे खड़ी इन तीनों बसों में कोई यात्री मौजूद नहीं था। अन्यथा जानी नुकसान भी हो सकता था। रोडियों से भरा यह ट्राला सेक्टर छह और सात के विभाजक मार्ग से रोहतक-दिल्ली रोड की तरफ जा रहा था।

### हाईवा ट्रक से टकराए बाइक सवार, तीन की मौत

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से चचाई मुख्य मार्ग के मध्य परसवार गांव में बुधवार की रात लगभग 10:30 बजे बाइक और एवं ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन ने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए मृतकों के शवों को जिला चिकित्सालय भेजा और ट्रक को जप्त कर कार्यवाही प्रारंभ की। जानकारी अनुसार तीनों युवक अनूपपुर के रहने वाले हैं। हादसा बुधवार देर रात हुआ।

### बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत

**फिरोजाबाद।** आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर गुरुवार को एक बोलेरो और ऑटो में जबरदस्त टक्कर हो गयी। हादसे में ऑटो चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा है। ऑटो आगरा से टूंडला की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने थाना टूंडला क्षेत्र के मोहम्मदाबाद करबला के पास ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगरा निवासी ऑटो चालक धर्मेंद्र सिंह और उसमें सवार आगरा के गरीब नगर निवासी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए छापेमारी

**लखनऊ।** लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ जनपद की सीमा में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रवर्तन अभियान चल रहा है। इसमें लखनऊ के थाना माल के अंतर्गत गांवों रामनगर और नारू खेड़ा में लगभग तीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी है। शराब का निर्माण कर रहे लोग मौके से फरार हो गये, वहीं मौके से सामग्री के रूप में 250 किलोग्राम लहन भी बरामद हुआ।

### दम्पति को बंधक बनाकर कैश और आभूषण लुटे

**अलवर।** शहर के स्कीम नंबर एक में बुधवार देर रात पांच नकाबपोश बदमाश बुजुर्ग दम्पति को बंधक बनाकर घर से लाखों रुपए का कैश और आभूषण सहित कई अन्य सामान लूट ले गए। देर रात करीब 1.30 बजे की घटना हैं। बुजुर्ग दम्पति शहर के चिनार स्कूल के मालिक हैं। घटना से लोगों में भारी आक्रोश हैं। लोगों का कहना हैं कि अलवर में पुलिस का खौफ ही नहीं हैं आये दिन घटनाये हो रही हैं।

### परियोजना के कार्यों के लिए 4.29 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद में महानदी मुख्य नहर के अंतर्गत 28.89 किलोमीटर पर क्रॉस रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों को कराने चार करोड़ 29 लाख पांच हजार स्वीकृत किए है। योजना के इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई में 412 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा में और वृद्धि होगी। इससे क्षेत्रीय किसानों को फायदा होगा। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को परियोजना के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की

**कुल्लू।** थाना भुंतर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की है और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिमरन ढाबा में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। पुलिस ने ढाबा पर दबिश दी, जहां मौके से कुल 42 बोतलें शराब बरामद की गईं। बरामद की गई शराब में 09 बोतलें मार्का रॉयल स्टैग, 30 बोतलें मार्का संतरा और 03 बोतलें मार्का ओल्ड मोन्क रम शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि इस मामले में बलवंत सिंह, निवासी गांव व डाकघर जिया, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना भुंतर में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### तेज रफ्तार बोलेरो बिजली के खंभे से टकराई

**जबलपुर।** शहर में नशेड़ी वाहन चालकों द्वारा गौरी घाट रोड पर रफ्तार का कहर बरपाना जारी है। यह रोड इस समय दुर्घटनाओं का डेंजर जोन बन चुका है। प्रतिदिन तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले नशेड़ियों द्वारा यहां दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। यहां आए दिन हिट एंड रन के केस हो रहे हैं। बुधवार रात को भी नशे में डूबे बोलेरो चालक ने अत्यंत तेज रफ्तार से डिवाइडर पर चढ़ते हुए बिजली के खंभे में टक्कर मार दी, जिससे खंबा टूटकर सड़क पर गिर गया एवं क्षेत्र में करंट फैल गया।

#### सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए सीएम

# नई पीढ़ी देश के विकास में दें अपना योगदान : डॉ. मोहन

**इंदौर। एजेंसी**

यही समय है, सही समय है विद्यार्थियों को यह मूल मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज किताबी ज्ञान भले ही पूरा हुआ हो, परंतु दीक्षांत के बाद स्वाध्याय, मनन और चिंतन सतत जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भारत में बहुत से उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारी नई पीढ़ी तकनीकी रूप से दक्ष बने और देश के विकास और समग्र मानव समाज के कल्याण में अपना योगदान सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव गुरुवार को इंदौर में सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित रहे थे। उन्होंने इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के बल पर ही इजराइल अनेक चुनौतियों से पार पाया है। हमें भी अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता को शिखर तक ले जाना होगा।

उन्होंने कहा कि नैतिकता सदा ही सर्वोपरि रहती है। शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी जरूरी है। उन्होंने समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शिखर हैं, किन्तु सिम्बायोसिस समूह जिन्होंने तकनीकी दक्षता और तकनीकी क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित किया है, यह और भी महत्वपूर्ण योगदान हो जाता है। उन्होंने प्रो चांसलर डॉ. स्वाति मजूमदार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका को छोड़कर भारत में शिक्षा को अपना जीवन समर्पित किया है। इसके पूर्व सिम्बायोसिस तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. स्वाति मजूमदार ने स्वागत भाषण दिया।

## कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की छवि को धक्का पहुंचाया : राजीव

**शिमला। एजेंसी**



विपक्षी दल भाजपा ने हिमाचल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिन्दल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की छवि को धक्का पहुंचा है और पूरे देश में प्रदेश की प्रतिष्ठा धुमिल हुई है। उनका कहना है कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गया है। प्रदेश के बेशकीमती सरकारी होटलों को नीलामी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। ऐसी स्थिति पहली बार पैदा हुई है।


राजीव बिन्दल ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश का प्राईड कहा जाने वाला दिल्ली के मण्डी हाउस में स्थित हिमाचल भवन नीलामी के कगार पर पहुंच गया है। केवल दो साल में प्रदेश की आर्थिक स्थिति को इस कदर बुरी तरह बिगाड़ दिया गया। कोई कानून का राज नहीं गैर कानूनी तरीके से छह सीपीएस लगाकर दा-दो साल तक उनको गाड़ियां, वेतन, भत्ते, बंगले हिमाचल प्रदेश की सारी सुख सुविधाएं प्रदान करने का काम मुख्यमंत्री ने किया है।

बिन्दल ने कहा कि केवल और केवल कांग्रेस की अपनी कुर्सी बचाकर रखने के लिए कांग्रेस पार्टी के अंदर जो धड़ाबंदी है, उसमें संतुलन बनाने के लिए गैर कानूनी तौर पर अपने मित्रों के टोले को कैबिनेट रैंक देकर हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदहाल करने का काम किया है।

## उज्जैन में साकार होगी मोदी की मेडिसिटी की परिकल्पना : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शीघ्र ही 50 मेडिकल कॉलेज होंगे। वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, 8 निमार्णाधीन हैं और 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज विद्यमान हैं। राज्य शासन ने 12 मेडिकल कॉलेज की निविदाएं आमंत्रित की हैं, जो कि पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सुविधा के विस्तार में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को उज्जैन रवाना होने से पहले समत्व भवन में मीडिया को दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चिकित्सा सेवा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र सरकार ने बहुत कार्य किया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेडिसिटी



की परिकल्पना दी है। इसके अंतर्गत एक ही कैंपस में स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी विभिन्न सुविधा और समाधान उपलब्ध कराने की व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रदेश में यह परिकल्पना उज्जैन में साकार हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ऐसे सभी विकास और जन-कल्याण के कार्य जारी रखेगी।

### मोबाइल पर दोस्त बताकर ऑनलाइन डेढ़ लाख की ठगी

**कैथल।** साइबर ठग ने मोबाइल पर कैथल के एक व्यक्ति को उसका दोस्त बढ़कर खाते में ऑनलाइन डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। दो दिन बाद उसके बेटे को पिता के साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। सेठान वाला मोहल्ला निवासी विनोद कुमार ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि 15 नवंबर को उसके पिता धर्मपाल के मोबाइल पर फोन आया। जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि आपने मुझे नहीं पहचाना मैं आपका दोस्त शर्मा जी बोल रहा हूं। मेरे पिताजी ने कहा कि पंडित जी बोल रहे हैं, तो उसने कहा कि हां मैं पंडित जी बोल रहा हूं। फोन करने वाले ने कहा कि उसे किसी से पैसे लेने हैं। वह उनके खाते में पैसे डलवा देता है। जो वह बाद में ले लेगा। इसके बाद उसने उसके पिता धर्मपाल के व्हाट्सएप पर 25 हजार की ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशॉट भेजा।

## भाजपा को वोट देने की बात कही तो गुण्डों ने हत्या कर दी : केशव

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने करहल में दलित समाज की बेटी की हत्या पर विपक्ष पर निशाना साधा है। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव का पीडीए जनता को गुमराह करने का फर्जी खेल है। करहल में गरीब दलित समाज की बेटी ने सिर्फ भाजपा को वोट देने की बात कही तो सपा के गुंडों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। यह नृशंस घटना पूरे यूपी को झकझोरने वाली है। अगर इन अपराधियों को सपा मुखिया का संरक्षण और उनसे गहरा रिश्ता न होता, तो बेटी आज ज़िंदा और सुरक्षित होती। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से लगातार पराजय झेलने के बाद, 2024 के



लोकसभा चुनाव में जब आपकी सीटों में थोड़ा इजाफा हुआ, तो आपने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिए। जिन दलितों और पिछड़ों के समर्थन से आपकी स्थिति सुधरी, उन्हीं को गाजर-मूली समझने की आपकी मानसिकता न पहले बदली थी और न अब बदली है। अखिलेश यादव पीडीए के झूठे वादों और बहानों से जनता को गुमराह करना अब संभव नहीं। आपके गुंडों, माफियाओं और अपराधियों का सच उजागर हो चुका है।

### हिमाचल प्रदेश में ठंड से एक की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सुखी ठंड कहर बरपा रही है। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक लोग ठंड से कांप रहे हैं। राजधानी शिमला में कड़ाके की ठंड के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां के ढली थाना अंतर्गत मशोबरा के मुंगर गांव में 60 वर्षीय व्यक्ति मृत मिला। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह पिछले कुछ दिनों से यहां घूम रहा था और खुले में कम्बल के सहारे सो रहा था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय ठंड लगने से उसकी मौत हुई है। शिमला में ठंड से इस सीजन में यह पहली मौत है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। राज्य में पिछले कई दिनों से सर्दी का प्रकोप देखा जा रहा है। सभी जिलों में रात का पारा सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में पारा माइनस में चला गया है, वहीं कई शहरों में शून्य के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है। पिछले लंबे समय से बादलों के न बरसने से सूखी ठंड के कारण लोग वायरल व जुकाम की चपेट में आ रहे हैं।

### चार विषयों की टैट परीक्षा 24 और 26 को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शेष बचे चार विषयों की टेट परीक्षाओं का कार्यक्रम वीरवार को घोषित कर दिया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक चार विषयों की टैट परीक्षाएं 24 और 26 नवंबर को दो सत्रों में आयोजित की जाएंगी। चार विषयों में सबसे पहले 24 नवंबर को टीजीटी नॉन मेडिकल टैट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह के सत्र में 10:00 बजे से लेकर 12:30 तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के लिए 7176 अभ्यर्थी हैं जिनके लिए प्रदेश भर में 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी दिन दोपहर बाद के सत्र में भाषा अध्यापक विषय की टैट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर बाद 2:00 बजे से लेकर 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के लिए 2508 अभ्यर्थी हैं जिनके लिए 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह 26 नवंबर को सुबह के सत्र में 10:00 बजे से लेकर 12:30 तक पंजाबी टैट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए 88 अभ्यर्थी हैं जिनके लिए एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी दिन दोपहर बाद दूसरे सत्र में उर्दू विषय की टैट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जो दोपहर 2:00 से लेकर 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## सुक्खू सरकार भ्रष्टाचार, घोटाला और कुव्यवस्था की प्रतीक बनी : नड्डा

**शिमला। एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार भ्रष्टाचार, घोटाला और कुव्यवस्था की प्रतीक बन गई है। कांग्रेस सरकार के घोटाले और काले कारनामे इस हद तक निचले स्तर पर पहुँच गए हैं कि हिमाचल प्रदेश की धरोहरों की भी कुर्की की नौबत आ गई है।

दिल्ली के मंडी हाउस स्थित हिमाचल प्रदेश के गौरव हिमाचल भवन की कुर्की का आदेश हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को देना पड़ा है क्योंकि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेड को बकाये 64 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। इतना ही नहीं, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत आने वाले राज्य के धरोहर 18 होटलों को भी बंद करने का आदेश हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को देना पड़ा है। ये हिमाचल की कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और उनके घोटालों का ही साइड



इफेक्ट है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में इससे शर्मनाक वाकया कुछ और नहीं हो सकता। नड्डा ने कहा है कि यह शंका जताई जा रही है कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार एचपीटीडीसी के 18 होटलों को अपने दोस्तों को लीज पर देगी। यह सभी इतने प्रीमियम और प्राइम होटल हैं, जिनकी एंट्री टिकट से ही साल की 2 से 3 लाख रुपए की कमाई हो जाती है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार खुद पर चल रहे मुकदमों के लिए हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में करोड़ों रुपए देकर वकील खड़े कर रही है लेकिन राज्य की धरोहरों को सहेजने की ओर से उसने आँखें मूँद ली है। वास्तव में कांग्रेस की नीयत ही हिमाचल प्रदेश के धरोहरों को बचाने की नहीं है बल्कि इसे लूटने की है।

## योगी ने फिल्म देखने के बाद उप्र में 'द साबरमती रिपोर्ट' को किया टैक्स फ्री

**लखनऊ। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिनिक्स प्लासियो में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी। फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री ने साबरमती की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर फिल्म को प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पत्रकारों से कहा कि देशवासियों के सामने सच्चाई लाने का यह एक प्रयास है। अपनी कला के माध्यम से अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विक्रांत मेस्सी और उनकी पूरी टीम ने जो यह सराहनीय प्रयास किया है, इसके लिए प्रदेश वासियों की ओर से उनका हृदय से अभिनंदन।

योगी ने कहा कि उन सभी लोगों को जो अक्सर सत्य पर पर्दा डालने का कार्य करते हैं, देश समाज के खिलाफ षड्यंत्र करते हैं, वे विभिन्न स्तरों पर हो सकते हैं लेकिन फिल्म के माध्यम से द साबरमती रिपोर्ट ने उस सच्चाई को सामने लाने का एक सार्थक प्रयास किया है। योगी ने कहा कि



हर व्यक्ति जानता है कि साबरमती एक्प्रेस से अयोध्या से गुजरात जा रहे कारसेवकों, जो अयोध्या में एक धार्मिक पूणार्हुति के बाद वापस गुजरात जा रहे थे, गोधरा स्टेशन के पास जो कुछ भी घटित हुआ था, उस सच्चाई को कैसे झुठलाने का हर स्तर पर प्रयास हो रहा था लेकिन वह सच्चाई सामने आई है। उस सच्चाई पर पर्दा डालने वाले लोग आज भी देश के अंदर बहुत सारे सत्य को अक्सर झुठलाते हैं और बहुत से षड्यंत्रों में लिप्त पाए जाते हैं। उन्हें एक्स्पोज किए जाने की आवश्यकता है। हमे पूरा विश्वास है कि यह एक साहसिक प्रयास साबरमती रिपोर्ट के माध्यम से प्रारम्भ हुआ है। यह हर उस घटना के माध्यम से होना चाहिए जो समाज के खिलाफ, देश के खिलाफ, सरकारों के खिलाफ, राजनीतिक अस्थिरता के लिए, समाज में वैमनश्यता पैदा करने के लिए अक्सर अलग-अलग जिम्मेदार स्तम्भों के स्तर पर या राजनीतिक दलों के अंदर होते रहे हैं। देश की जनता को सच जानने का अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म के माध्यम से ही सही, देश की जनता के सामने सत्य को लाने के लिए साबरमती रिपोर्ट की पूरी टीम को बधाई देता हूं। मै कहूंगा कि पूरे देश के लोगों को इस फिल्म को देखना चाहिए।

**संस्कृति** — उत्तराखंड की भाषाई और साहित्यिक धरोहर को वैश्विक मंच पर लाने की तैयारी

# साहित्य और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

- भाषा संस्थान की नई पहल, साहित्य और भाषाई धरोहर के संरक्षण के लिए तीन नई परियोजनाएं शुरू

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखण्ड भाषा संस्थान ने राज्य की साहित्यिक और भाषाई विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से तीन नई शोध परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इन परियोजनाओं को भाषा विभाग के मंत्री सुबोध उनियाल के अनुमोदन के बाद प्रारंभ किया गया है। यह प्रयास राज्य के साहित्य और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक




महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस संबंध में भाषा विभाग के मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि इन परियोजनाओं की मुख्य विशेषताएं हैं। उत्तराखण्ड की उच्च हिमालयी एवं जनजातीय भाषाओं का संरक्षण व अध्ययन किया गया तो पता चला कि उत्तराखण्ड की उच्च हिमालयी क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों की विशिष्ट भाषाएं और बोलियां विलुप्ति के कगार पर हैं।

इन भाषाओं के संरक्षण के लिए साहित्य, लोकगीत, परंपरा, उत्सव, खानपान और सांस्कृतिक विरासत का व्यापक अध्ययन किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से कुमाउंनी, गढ़वाली समेत अन्य बोली-भाषाओं को संरक्षित करने की ठोस योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड के मूर्धन्य साहित्यकार पं. गोविन्द बल्लभ पंत ने हिन्दी साहित्य को अद्वितीय योगदान दिया है। उनकी रचित ऐतिहासिक, पौराणिक और साहित्यिक कृतियों का समग्र संग्रह तैयार करने की योजना बनाई गई है। यह पहल उनके साहित्यिक योगदान को सहेजने और इसे व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भाषा विभाग मंत्री ने बताया कि राज्य के प्रारंभिक साहित्यकारों की धरोहर को बचाने के लिए यह परियोजना शुरू की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित पत्रिकाओं (जैसे सरस्वती, चांद, माधुरी, धर्मयुग आदि) और देशभर के पुस्तकालयों में संरक्षित दुर्लभ साहित्य को खोजकर उसकी छाया प्रतियां एकत्रित की जाएंगी। इससे उत्तराखण्ड के साहित्यकारों की अप्रकाशित और भूली-बिसरी कृतियों को संरक्षित करने में सहायता मिलेगी।

### उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने की पहल

**भाषा संस्थान ने इन परियोजनाओं के लिए शोधकताओं और साहित्यकारों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। संस्थान का उद्देश्य उत्तराखण्ड की भाषाई और साहित्यिक धरोहर को संरक्षित करना और इसे वैश्विक मंच तक पहुंचाना है। यह पहल न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में सहायक होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी बनेगी।**

## भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगी नई शिक्षा नीति : टंकेश्वर

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अभिविन्यास एवं संवेदीकरण की शुरूआत

**नारनौल। एजेंसी**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अभिविन्यास एवं संवेदीकरण पर केंद्रित आठ दिवसीय ऑनलाइन संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरूवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों के बीच उद्यमिता और व्यावसायिक कौशल के विकास को महत्व देती है। कुलपति ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम के प्रारूप और विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों और डिग्रियों के स्तर पर परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए बहु, प्रवेश और निकास प्रणाली से होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि इस नीति को सिर्फ समझना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि क्रियान्वयन और कार्यान्वयन पर विशेष जोर देना होगा। एमएमटीटीसी-हकेवि के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# किसानों को 8 घंटे बिजली, औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध बिजली सुनिश्चित करवाए: विधायक डॉ चौधरी

## अजमेर विद्युत भवन में ऊर्जा मंत्री की बैठक में विधायक चौधरी ने रखा किशनगढ़ का पक्ष। खातौली एवं ढाणी पुरोहितान में नए जीएसएस की मांग की

## अधिकारियों को जमकर घेरा, विधायक बोले सरकार और बिजली विभाग दोनों बेपटरी

चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक




**श्रीनगर :-अजमेर। मदनगंज-किशनगढ़।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भवन में राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में किशनगढ़ विधायक डॉ विकास चौधरी ने बिजली संबंधी चर्चा में भाग लिया, बिजली व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार पर जमकर निशाना साधा । विधायक चौधरी ने अवगत करवाया कि विधानसभा क्षेत्र में बिजली के बहुत बुरे हालात हैं, अघोषित बिजली कटौती से किसान,व्यापारी एवं आमजन परेशान है।

विधायक चौधरी ने मंत्री को बताया कि आप बोल रहे हो किसानों को छ घंटे बिजली दे रहे हैं ।लेकिन धरातल पर चार घंटे भी बिजली नहीं दे पा रहे छ घंटे में से दो घंटे तो ट्रिपिंग में चले जाते हैं, इसको सुधार किया जाए इसके साथ ही आपसे मांग करता हूं कि किसानों को बिजली आठ घंटे दी जाए। इसके साथ ही किसानों के ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाने चाहिए, जबकि विभाग अभी ट्रांसफार्मर जलने के दो महीने बाद तक भी नए नही लगाता। एग्रीकल्चर के जनरल कनेक्शन की डिमांड राशि विभाग ने एक साल पहले जमा करवा दी लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं किए इनको भी तुरंत किया जाए और किसानों को राहत दी जाए।

किशनगढ़ की समस्त औद्योगिक इकाइयों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है बार-बार ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। व्यापारी करोड़ों रुपए लगाकर प्लांट लगा रहे हैं लेकिन आपके द्वारा कम लोड क्षमता का बहाना बनाकर नए कनेक्शन नहीं दिया जा रहा,ना ही पुराने बिजली कनेक्शन का लोड बढ़ाया जा रहा है, इसको भी तुरंत दुरुस्त किया जाए । जबकि इस समस्या के समाधान के लिए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 132 केवी का रलावता मे जीएसएस स्वीकृत किया था उसका 3 साल बीत जाने के बाद भी 20% काम भी पूरा नहीं हुआ है जबकि इस कार्य अवधि में पूरा हो जाना चाहिए था ।यदि इसका समय अवधि में काम हो जाता तो व्यापारियों एवं किसानों को समस्या नहीं होती इसका भी जल्द से जल्द कार्य पूरा किया जाए जिससे किसानों व्यापारियों एवं आमजन को लाभ मिल सके ।

किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नए जीएसएस की स्थापना, गांव में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जाए एवं आबादी को चिन्हित करके दुर्घटना से बचने के लिए बिजली लाइन शिफ्ट की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### झड़वासा में राम दरबार व शिव परिवार की स्थापना पर दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम, पुरा कस्बा हुआ राममय

- बैंड बाजो के साथ निकाली कलश यात्रा व नगर परिक्रमा
- दिनभर चला अखंड रामचरित मानस और सुंदरकांड का पाठ



**चमकता राजस्थान। झड़वासा।** नवनिर्मित राम दरबार मंदिर में राम दरबार व शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बीती रात सालासर बाला जी धाम राकेश सेन एन्ड पार्टी खारी का लाम्बा गुलाबपुरा द्वारा देर तक संगीत मयी सुंदरकांड का पाठ किया गया था जिसमें सेंकड़ो श्रद्धालुओं नें देर रात लाभ लिया तथा बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई सुबह 9:15 बजे ठाकुर जी के मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बैंड बाजे व ढ़ोल की स्वर मधुर लहरियों के साथ रवाना हुई कलश यात्रा मुख्य बाजार से राम दरबार मंदिर पहुंची जहां मंगल कलशों की पूजा की गई कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड वादक और पीछे मुख्य यजमान पुखराज डांगी, रिखब चंद जैन, दिनेश सोनी, भंवर सिंह गौड, देवकरण गुर्जर, तेजमल जाट, शिवराज जाट व सुनील जैन ध्वज लेकर चल रहे थे बीच में महिलाएं व छोटी छोटी बच्चियां सजे धजे परिधान में सिर पर मंगल कलश भगवान शिव, राम व हनुमान के भजनों पर नाचते गाते चल रही थी

दोपहर में मंदिर में देव स्थापना हवन कार्यक्रम व सालिग राम जी की विशेष पूजा का आयोजन किया गया जिसमें पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री (विद्या वाचस्पति) के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस दौरान पंडित कैलाशचंद शास्त्री ने अखंड रामचरित मानस पाठ को समझाते हुए लोगों को भगवान राम चरित्र को जीवन में उतारने व भक्ति मार्ग में जुड़ने और सत्कर्म करने के लिए प्रेरित भी किया

### हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने किया किशनपोल जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार को किशनपोल जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने जोन कर्मचारियों की हाजिरी का निरीक्षण किया। जिसमें गैर हाजिर कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। वहीं जोन इलाके में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर भी अधिकारियों से जवाब तलब किया। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि कई दिनों से किशनपोल जोन क्षेत्र में अवैध निर्माणों को लेकर शिकायत मिल रही थी। ऐसे में गुरुवार को निगम जोन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं पाई गई हैं। जिसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जिसमें किशनपोल जोन के पार्षद सहित मुख्यालय अधिकारी जांच कर महापौर के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। निरीक्षण के दौरान पार्षद मनोज मुद्गल, महेंद्र पहाड़िया,मानक शर्मा, जितेंद्र लखवानी और शांति तंवर भी मौजूद रहे।

# कृषि में नवाचार और सिंचाई सुविधाओं से बनेगा किसान समृद्ध: दिया कुमारी






चमकता राजस्थान

**कोटपूतली।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कोटपूतली के कृषि महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन का लोकार्पण कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा, टरढ की दरें बढ़ाना, Soil Health Card, Drones के माध्यम से फसल सुरक्षित करना जैसे कई कार्य किए गए, इसी क्रम में राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एफ्ळढ की स्वीकृति यमुना का जल शेखावाटी को मिलेगा, फार्म पोण्ड, बूंद-बूंद सिंचाई जैसे कार्य किए गए।

इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण संसद राव राजेंद्र सिंह,पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, कुलपति बलराज सिंह,डीन सुरेंद्र सिंह ,देवायुष सिंह,करण सिंह गुर्जर, नरेंद्र,अजय चौहान एवं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्ति के लिए सपेरा बस्ती / बरगी समुदाय लोगों को किया जागरूक



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी, 21 नवंबर 24 को गांव सपेरा बस्ती गडरपुर और बरगी अड्डा जम्हूरा में तंबाकू मुक्ति के लिए प्रभात संस्थान धौलपुर एवं युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम। प्रभात संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अति पिछड़े वंचित समुदाय समाज में हाँसिये पर रहने वाले सपेरा, नाथ और मोगिया समुदाय के साथ समुदाय बैठक कर लोगों को धूम्रपान और तंबाकू निषेध की प्रति जागरूक किया। और बताया कि तंबाकू से शरीर में कैंसर, श्वसन नली में होने वाले संक्रमण, फेफड़े का संक्रमण, टीबी व अन्य घातक बीमारियों हो सकती हैं। इसके बचाव के लिए खुद धूम्रपान / तंबाकू छोड़नी होगी। और अपने बच्चों को भी इस नशे की लत से बचाना होगा। अगर राजस्थान की बात करें, तो प्रत्येक दिन लगभग 200 मौतें हो जाती है। और साल भर में लगभग 80000 लोग धूम्रपान की वजह से अपनी जान गवा देते हैं। धूम्रपान /तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे, और बच्चों को बचाएं अपने परिजनों रिश्तेदारों को भी तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करें। अध्यक्ष रामदास तरुण ने बताया कि विद्यालय से 100 गज की दूरी में गुटखा तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध है। और अगर विद्यालय परिसर में या सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए, या बेचते हुए पाया जाता है, तो कानून के तहत 200 चालान कट सकता है। इस कार्यक्रम के मौके पर संस्थान की ओर से राकेश कुमार, रामदास तरुण उपस्थित रहे।

# किसान गोष्ठी का आयोजन

चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक




**श्रीनगर :-अजमेर। नसीराबाद ।** गुरुवार को पंचायत समिति श्रीनगर के ग्राम पंचायत दिलवाड़ा में कृषि विभाग, की ओर से आत्मा योजना के तहत श्रीमती उषा चितारा, उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा तथा श्री संतोष गुप्ता, उप निदेशक कृषि के निर्देशन में रबी सीजन पर एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अभय राज दुलारा सहायक, कृषि अधिकारी, श्रीनगर कार्यक्रम को प्रारम्भ करते हुए किसानो को बुवाई से पूर्व खेत की तैयारी तथा मृदा स्वास्थ कार्ड की अनुशंसा के आधार पर सतुलित मात्रा में खाद उर्वरको के प्रयोग करते हुए उन्नत किस्मो का उपयोग तथा बीजोपचार कर बुवाई करने की सलाह दी। किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अनुदान गतिविधियों जैसे तारबंदी, खेत तलाई सिंचाई पाईप लाईन, कृषि यंत्र , फव्वारा संयत्र पर मिलने वाले वा अनुदान की जानकारी दी। श्रीमती उषा चितारा, उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा किसानों को आत्मा योजना की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। श्री संतोष गुप्ता, उप निदेशक कृषि ने किसानों को बताया कि डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट व एनपीके का प्रयोग करना चाहिए, एसएसपी में भरपूर मात्रा में फास्फोरस व सल्फर मिलता है। श्री गुप्ता ने किसानों को नेशलन पेस्ट सर्विलन्स एप के महत्व एवं उपयोग की विस्तार से जानकारी दी तथा जलवायु परिवर्तन की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए क्लाईमेट रेजिलेंस एग्रीकल्चर पर भी किसानो का ध्यान आकर्षण किया गया, किसानो को बताया गया कि जलवायु की बदलती दशाओ को ध्यान में रखते हुए किसानो को कृषि में लचिलापन लाने की महत्ती आवशयकता हैं, जिसके तहत जलवायु की बदलती परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र में फसलो का चयन कर कृषि कार्य करना चाहिए।

कार्यकम के दौरात ब्लॉक स्तर पर आत्मा योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन, जैविक खेती, नवाचार के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले किसानो को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गयें तथा किसानो को जल बचत हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अपील पत्र किसानो को को वितरित किये गयें।

अतिथि व्याख्याता डॉ. एस. के. शर्मा द्वारा किसानो को जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। श्री रामजीलाल सेरगडिया से.नि. सहायक कृषि अधिकारी ने पौषत तत्व प्रबंधन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्री लक्ष्मी नारायण तंवर, सहायक कृषि अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न अनुदान योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सहायक कृषि अधिकारी क्षेत्र श्रीनगर, नसीराबाद, रामसर के सेकड़ो किसान तथा सहायक कृषि अधिकारी, राजाराम मीणा, मुकेश कुमार वर्मा, कृषि पर्यवेक्षक नरेन्द्र सिंह खंगारोत, मुकेश कुमार चौधरी, सुनिल कुमार भांबी, अजय कुमार वेष्णव, रामसिंह रावत, राजकुमार मीणा, बीरबल मीणा, लेखराज यादव, जगदीश गुर्जर आदि उपस्थित रहें।

# वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युमन कुमार और वरिष्ठ नेता गुरजंट सिंह बराड़ का निधन संगठन और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति: मदन राठौड़

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ श्रीगंगानगर प्रवास पर

चमकता राजस्थान



जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ आज गुरूवार को श्रीगंगानगर प्रवास पर रहे। इस दौरान राठौड़ ने सादुल शहर स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युमन कुमार के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, किसान नेता एवं पूर्व मंत्री सरदार गुरजंट सिंह बराड़ जी के निधन पर उनके आवास पर पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युमन कुमार जी ने राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचारक और हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश में संगठन मंत्री के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान की। प्रद्युमन कुमार जी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ विस्तार में भी उल्लेखनीय योगदान प्रदान किया था। वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युमन कुमार और पूर्व मंत्री सरदार गुरजंट सिंह बराड का निधन भारतीय जनता पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में मैं स्वयं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से गहरी संवेदना प्रकट करता हूँ। इसके साथ ही भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929